प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांकः 08.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर संसद में आज सर्वदलीय बैठक हुई। केन्द्र सरकार की ओर से बुलाई गई बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, सहित कई नेता बैठक में शामिल हुए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है।

.....

उधर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की। यह मुलाकात पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू—कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई के एक दिन बाद हुई है। इससे पहले श्री डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई के बारे में कई देशों के सुरक्षा सलाहकारों से भी बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि भारत का स्थिति को और बिगाड़ने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन यदि पाकिस्तान उकसावे वाली कोई कार्रवाई करता है तो भारत उसे जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

00000

सरकार ने पाकिस्तान से संचालित विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के उन दावों को खारिज कर दिया है, जिनमें एक भारतीय ड्रोन के गिरने की तस्वीर साझा की जा रही है। ऐसी भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है कि ड्रोन को पाकिस्तानी सेना ने रोका था, जो गुजरांवाला में गिर गया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने पुष्टि की है कि यह तस्वीर वर्ष 2022 में यूक्रेन—रूस संघर्ष की है।

00000

जयपुर में आज सीआईडी अपराध शाखा के 195 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आमेर रोड़ पर स्थित सीआईडी सीबी लाईन में आयोजित इस अलंकरण समारोह में अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम एन ने 6 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए। एक पुलिसकर्मी को राजस्थान पुलिस सेवा पदक दिया गया। 8 को उत्कृष्ट और अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 27 पुलिसकर्मियों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए। 32 को अति उत्तम तथा 112 पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से नवाजा गया।

00000

राजस्थान को पूर्ण विकसित प्रदेश बनाने के उद्देश्य से विकसित राजस्थान—2047 विजन डॉक्यूमेंट को एक रोडमैप के रूप में तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस डॉक्यूमेंट पर नागरिकों, विशेषज्ञों और हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए है ताकि सब मिलकर राज्य के चहुमुखी विकास के लिए एक प्रभावी और समावेशी दृष्टिकोण तैयार कर सकें। विजन डॉक्यूमेंट के संदर्भ में लोग अपने सुझाव ई—मेल आईडी विकसित राजस्थान 2047 एट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट आईएन पर 18 मई तक भेज सकते हैं।

00000

राज्य में आंधी और बारिश का क्रम आज भी जारी है। मौसम विभाग के अनुसार कहीं—कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक 30 मिलीमीटर बरसात चित्तौडगढ के डूंगला में हुई। राजधानी जयपुर में भी बादल छाये हुए है। कुछ इलाकों में रिमझिम पानी बरस रहा है। इससे पहले कल भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। आंधी—बारिश का यह दौर आगामी चार दिन और जारी रहने की संभावना है। आंधी और बारिश से दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान में 5 से 10 डिग्री सैल्सियस की गिरावट रिकॉर्ड की गई है। भीलवाडा में 14 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। 36 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ बाडमेर और जैसलमेर सबसे गर्म स्थान रहे।

00000

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। ये मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जायेगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

00000